Member of Parliament Local Area Development Scheme

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली -110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
SARDAR PATEL BHAVAN, NEW DELHI-110001
FAX : 23364197
E-mail : mplads@nic.in

सत्यमेव जयते

Dated ....

एफ.सी-16/2009-एमपीलैड्स

दिनांकः 7 जून, 2011

सेवा में,

राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के नोडल सचिव
आयुक्त नगर निगम, दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई/मुंबई
जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त, सभी जिले

विषयः एमपीलैड स्कीम के अंतर्गत कम्प्यूटरों की खरीद ।

महोदय/महोदया,

वर्तमान एमपीलैड्स दिशा-निर्देशों के अनुसार, सरकारी तथा सरकारी सहायता प्राप्त शैक्षिक संस्थानों के लिए कम्प्यूटरों की खरीद अनुमत्य है । मंत्रालय को संसद सदस्यों से एमपीलैड्स निधि से कम्प्यूटरों के संस्थापन के समय सॉफ्टवेयर तथा स्रोत व्यक्तियों के रूप में शिक्षकों को प्रशिक्षण जैसे घटकों की अनुमति के बारे में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ।

2. इस मामले पर मंत्रालय में विचार किया गया और यह निर्णय लिया गया कि डीजीएस एंड डी दर संविदा के अनुसार एमएस-वर्ड, एमएस-एक्सेल, एमएस-पॉवर प्वाइंट, एमएस-एक्सेस से युक्त मीडिया सहित एमएस-ऑफिस सॉफ्टवेयर (माइक्रोसॉफ्ट लाइसेंस एग्रीमेंट सहित स्टैन्डर्ड एडिशन) की खरीद की अनुमति दी जाए । प्रत्येक स्कूल में दो-दो अध्यापकों को उपर्युक्त सॉफ्टवेयर (विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम तथा एमएस ऑफिस) पर प्रशिक्षण देने की अनुमति भी दी गई है । प्रशिक्षण की अवधि 24-48 कार्य घंटों की हो सकती है । प्रशिक्षण को लचीला बनाने के लिए इन घंटों को 1 से 2 सप्ताह की अवधि में बांटा जा सकता है । जिला स्तर पर प्रशिक्षण अनुमोदित दरों के अनुसार (जिला प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित तथा स्वीकृत) किसी प्राधिकृत एजेंसी द्वारा दिया जाएगा ।

भवदीया,

मिनी

(मिनी प्रसन्ना कुमार)
उप निदेशक
फोनः 23361247

प्रतिलिपि सूचनार्थ-

सभी माननीय संसद सदस्य (लोक सभा तथा राज्य सभा)

निदेशक (एनआईसी) - आवश्यक कार्रवाई हेतु ।